**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3101**
**21 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए**

**एससीएम के अंतर्गत परियोजनाएं**

**3101. श्री तेजस्वी सूर्याः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कर्नाटक में स्मार्ट सिटी मिशन की शुरुआत से अब तक इसके अंतर्गत शुरू की गई परियोजनाओं की वर्ष-वार संख्या कितनी है और इसके लिए कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई है;

(ख) बंगलुरू में स्मार्ट सिटी मिशन परियोजनाएं कौन-कौन सी एजेंसी चला रही हैं और इसके लिए निगरानी एजेंसी क्या है;

(ग) क्या यह उपक्रम इन परियोजनाओं को पूरा करने में सफल रहा है और यदि हां, तो ऐसी कितनी परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) कितनी परियोजनाएं अभी भी प्रगति पर हैं और इनके पूरा होने की समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री कौशल किशोर)**

(क)से (घ): भारत सरकार ने 25 जून 2015 को स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) की शुरुआत की। जनवरी 2016 से जून 2018 तक प्रतियोगिता के 4 दौर के माध्यम से 100 स्मार्ट शहरों का चयन किया गया है।

कर्नाटक राज्य में, *7* शहरों यानी बेंगलुरु, बेलगावी, दावणगेरे, हुबली-धारवाड़, मंगलुरु, शिवमोग्गा और तुमकुरु को स्मार्ट सिटी के रूप में विकास के लिए चुना गया है। इन शहरों में जारी/खर्च की गई निधि और परियोजनाओं की प्रगति की स्थिति नीचे दी गई है:

(राशि करोड़ रुपये में)

| स्मार्ट सिटी | शहर को जारी निधि (भारत सरकार+राज्य) | उनका उपयोग | चल रही परियोजनाएं | | पूर्ण परियोजनाएं | | कुल परियोजनाएँ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि | परियोजनाओं की संख्या | राशि |
| बेंगलुरु | 828.50 | 808.41 | 4 | 112.23 | 44 | 922.40 | 48 | 1,034.63 |
| बेलगावी | 931.00 | 876.11 | 11 | 1168.35 | 204 | 2,225.66 | 215 | 3,394.01 |
| दावनगेरे | 931.00 | 807.19 | 13 | 467.05 | 113 | 1,546.30 | 126 | 2,013.35 |
| हुबली-धारवाड़ | 927.00 | 793.35 | 6 | 969.39 | 72 | 1,887.95 | 78 | 2,857.34 |
| मंगलुरु | 830.50 | 752.05 | 22 | 647.73 | 81 | 2,018.88 | 103 | 2,666.61 |
| शिवमोगा | 990.00 | 921.96 | 4 | 80.68 | 105 | 1,298.57 | 109 | 1,379.25 |
| तुमकुरु | 990.00 | 895.87 | 7 | 142.37 | 218 | 1,995.14 | 225 | 2,137.51 |
| **कुल** | **6,428.00** | **5,854.94 (91%)** | **67** | **3,587.8 0** | **837** | **11,894.90** | **904** | **15,482.70** |

**(स्रोत: 27 नवंबर 2023 की स्थिति के अनुसार भू-स्थानिक प्रबंधन सूचना प्रणाली)**

बेंगलुरु में स्मार्ट सिटी मिशन का कार्यान्वयन बेंगलुरु स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा किया जाता है - जो कि कंपनी अधिनियम 2013 के तहत गठित कर्नाटक राज्य सरकार और बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) का 50:50 एसपीवी है।

स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यान्वयन की अवधि अब जून 2024 तक बढ़ा दी गई है और कर्नाटक राज्य सहित सभी स्मार्ट शहरों से निर्धारित **समय** में अपनी परियोजनाओं को पूरा करने की अपेक्षा की गई है।

****